छोटे से मेरे गणपति देवा

छोटे से मेरे गणपति देवा चल ठुमक ठुमक कर आ जाओ,
रेशम डोरी चन्दन पटली तुम झूला झूलने आ जाओ,
छोटे से मेरे गणपति देवा.........

ये राम नाम का झूला है सीता मियां ने ढाला है,
ये कृष्ण नाम का झूला है राधा रानी ने ढाला है,
संग आये हनुमत प्यारे है ये जोटा तुम्हे लगाये गे,
रेशम डोरी चन्दन पटली तुम झूला झूलने आ जाओ,
छोटे से मेरे गणपति देवा.........

ये झूला बड़ा ही न्यारा है,
गोरा मैया को प्यारा है,
भोले जी तुम्हे झुलाये गे,
ये डमरू मधुर भाजयेगे,
विष्णु जी लक्ष्मी आये है तुम्हे अपनी गॉड खिलायेगे,
रेशम डोरी चन्दन पटली तुम झूला झूलने आ जाओ,
छोटे से मेरे गणपति देवा.........

इस झूले की शोभा न्यारी सब देवो ने मिल के सजाया है,
इंद्र इन्द्राणी ने मिल कर फूलो से इसे महकाया है,
याह चवर धुलाये पवन देव तेरा दर्शन हम सब पाएंगे,
रेशम डोरी चन्दन पटली तुम झूला झूलने आ जाओ,
छोटे से मेरे गणपति देवा.........

खुशियों की वेला आई है,
सब मिल कर ख़ुशी मनाएंगे,
गणपत जी देखे पलना में,
सब वारि वारि झुलाएंगे,
कही नजर न लग जाए लला को,
सब मिल कर नजर उतारे गे,
रेशम डोरी चन्दन पटली तुम झूला झूलने आ जाओ,
छोटे से मेरे गणपति देवा.........

तुम शुभ और लाभ के दाता हो मेरे भंडारे भर देना ,
हम झूला रहे झूला तुझको अब दया की दृष्टि कर देना,
गिरी सेवक है तुम स्वामी हो चरणों में शीश झुकाये गे,
रेशम डोरी चन्दन पटली तुम झूला झूलने आ जाओ,
छोटे से मेरे गणपति देवा.........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10634/title/chote-se-mere-ganpati-deva-chal-thumak-thumak-kar-aai-jaao

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |